# अभिभावक शिक्षक बैठक माह - जुलाई

| | | |
|---|---|---|
| विद्यालय का नाम- | विकास खंड- | जनपद- |
| बैठक विषय- | बैठक दिनांक- | बैठक दिवस- |

| बैठक एजेंडा | बैठक कार्यवृत्त | प्रतिभागी हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| सेवा में<br>समस्त सम्मानित smc अध्यक्ष, माता - पिता, अभिभावक, आप सभी को सादर अवगत कराना है कि प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट<br>विद्यालय ......................के प्रांगण में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन दिनांक……………..<br>दिन……………. को प्रातः 10 से 12 तक तक माह जुलाई की अभिभावक शिक्षक (PTM) का आयोजन किया जाना है इस बैठक में अति आवश्यक चर्चा की जानी हैं। अतः आप सभी लोगों विनम्र निवेदन है कि बैठक में ससमय प्रतिभाग करने का कष्ट करें \| | पूर्व में निर्धारित तिथि पर अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन प्रातः 10 बजे से 12 बजे अपराह्न तक विद्यालय परिसर में किया गया \| बैठक में अभिभावकों के बैठने हेतु प्रधानाध्यापक द्वारा समुचित व्यवस्था की गयी \| बैठक में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा \| आज की बैठक में पूर्व बैठक की समीक्षा की गयी एजेंडा पढ़कर सुनाया गया एवं विद्यालय में निम्न एजेंडा बिन्दुओ पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी -<br><br>1) **परिचय** - बैठक का शुभारंभ स्वागत भाषण से हुआ। विद्यालय की प्रमुख उपलब्धियों और उद्देश्यों की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का परिचय आदि हुआ \|<br>2) **नवीन नामांकन पर चर्चा -** 1 अप्रैल से सत्र 2025-26 हेतु नवीन नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ है \| आप सभी 6 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का नामांकन विद्यालय में अवश्य कराये \| यह नामांकन प्रक्रिया 31 जुलाई 2025 तक चलेगी आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गयी \|स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम 15 जुलाई तक आयोजित किया जाना है जिसमे आप अपनी सहभागिता अवश्य दे आदि पर चर्चा की गयी \|<br>3) **छात्रों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा**- विषयवार शैक्षिक प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गयी \| कक्षा अध्यापकों ने बच्चों की मासिक सतत आकलन के परिणाम साझा किए \| कमजोर छात्रों की पहचान कर | |

| | | |
|---|---|---|
| **सूचना का माध्यम-**<br>1- बच्चों के द्वारा<br>2- फोन के द्वारा<br>3 - रसोइया के द्वारा<br>4- स्वयं के सम्पर्क के द्वारा<br>**बैठक एजेंडा बिन्दु-**<br>1. परिचय<br>2. नवीन नामांकन पर चर्चा<br>3. छात्रों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा<br>4. आचरण व अनुशासन संबंधित चर्चा<br>5. सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ और प्रतिभागिता<br>6. अभिभावकों की सहभागिता को बढ़ावा देने के प्रयास<br>7. समस्याएँ एवं समाधान<br>8. विशेष निर्देश<br>9. डीबीटी एवं यूनिफ़ॉर्म पर चर्चा<br>10. आधार कार्ड /जन्म प्रमाण पत्र पर चर्चा<br>11. अन्य | उनकी सहायता हेतु विशेष कक्षाओं की व्यवस्था पर चर्चा हुई। गणित, विज्ञान और अंग्रेज़ी में आने वाली सामान्य कठिनाइयों की पहचान एवं सुधार के सुझाव आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गयी \|<br>4) **आचरण व अनुशासन संबंधित चर्चा**- आचरण और अनुशासन जीवन को सफल, मर्यादित और समाजोपयोगी बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ये व्यक्तित्व को निखारते हैं और समाज में आदर्श नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। छात्रों के स्कूल में व्यवहार, उपस्थिति एवं समय पालन पर चर्चा की गयी। कक्षावार विशेष आचरण करने वाले छात्र का विशेष व्यवहार संबंधित उनके अभिभावक से सम्बन्धित चर्चा की गयी \|<br>**5) सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ और प्रतिभागिता**- सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ शिक्षा प्रणाली का एक अभिन्न हिस्सा हैं। नियमित और सक्रिय प्रतिभागिता से विद्यार्थी न केवल अकादमिक रूप से बल्कि मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनते हैं। बाल सभा, चित्रकला, कविता प्रतियोगिता, आदि की जानकारी दी गई। खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए जुलाई माह के अंत में "खेल सप्ताह" आयोजित करने की योजना प्रस्तुत की गई \| आगामी महीनों में "स्वतंत्रता दिवस समारोह", और "पौधरोपण अभियान" आयोजित किए जाएंगे पर चर्चा की गयी \|<br>**6) अभिभावकों की सहभागिता को बढ़ावा देने के प्रयास**- बैठक में यह सहमति बनी कि अभिभावकों को केवल रिपोर्ट कार्ड देखने तक सीमित नहीं रखा जाएगा। उनके सहयोग को स्कूल के निर्णयों में भी शामिल किया जाएगा। "एक दिन विद्यालय में" अभियान अभिभावक सप्ताह में एक दिन स्कूल आकर कक्षा, भोजन, स्वच्छता आदि देखें। इच्छुक अभिभावक बच्चों को कहानी, कविता, जीवन कौशल, लोकगीत आदि सिखा सकते हैं।<br>7) **समस्याएँ एवं समाधान**- शैक्षणिक या सह-शैक्षणिक कार्यक्रमों के संचालन के दौरान कुछ सामान्य समस्याएँ सामने आती हैं, जो छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के दृष्टिकोण से विभिन्न हो सकती हैं। छात्रों की कम भागीदारी, अभिभावकों की सीमित सहभागिता आदि समस्या एवं उसके समाधान पर चर्चा की गयी \|<br>8) **विशेष निर्देश** - विद्यालय द्वारा दिए गए गृहकार्य व अभ्यास पुस्तिकाओं को समय पर पूरा करें। पढाई गई विषय सामग्री को दोहराएँ और कठिन विषयों पर अभिभावक विशेष ध्यान दें। नई शिक्षण रणनीति, गतिविधियाँ व पाठ्यक्रम को साझा किया गया आदि पर चर्चा की गयी।<br>9) **डीबीटी, यूनिफ़ॉर्म पर चर्चा** - नवीन सत्र के शुरुआती समय में ही बच्चों को यूनिफॉर्म दे दिए | |

| | | |
|---|---|---|
| | जाएं ताकि बच्चे नई पुस्तकों के साथ और यूनिफॉर्म में बच्चे समय से स्कूल आए। डीबीटी के तहत सभी जिन बच्चो के आधार उपलब्ध है उनके अभिभावकों के आधार सीडेड खातों में 1200 रूपये की धनराशि आ चुकी है, इसलिए समस्त अभिभावकों से आग्रह किया गया कि अपने बच्चों के लिए जूता, मोजा, बैग, यूनिफॉर्म एवं कापी, पेन्सिल, रबड़ आदि बच्चों को लेकर दे दे आदि पर चर्चा की गयी।<br>**10) आधार कार्ड /जन्म प्रमाण पत्र पर चर्चा** - यदि बच्चे का आधारकार्ड नहीं बना है, तो आधार कार्ड बनवाने के लिए पहले उसका जन्म प्रमाण पत्र बनवाना आवश्यक होता है। आप सभी जल्द से जल्द यह कार्य पूर्ण करके विद्यालय को अवगत कराये जिससे आधार वेरीफाई कर दिया जाय और डीबीटी के तहत 1200 रूपये प्राप्त हो सके आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।<br>**11) अन्य -**<br>● शारदा एप (आउट ऑफ़ स्कूल) पर सर्वे<br>● उल्लास एप (असाक्षर हेतु) पर सर्वे<br>**धन्यवाद एवं समापन**- इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने सभी अभिभावकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए यह कहा कि विद्यालय की सफलता शिक्षक, अभिभावक और छात्र – तीनों के मिलेजुले प्रयास पर निर्भर करती है। उन्होंने बैठक में दिए गए सुझावों पर अमल करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही कुछ अन्य बिंदुओं पर चर्चा परिचर्चा के उपरांत सूक्ष्म जलपान के साथ साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ आज की बैठक में उपस्थित हुए सभी बच्चों के मातापिता/ अभिभावकों को अगली बैठक हेतु पुनः उपस्थित रहने का आग्रह कर आज की बैठक कार्यवाही का समापन किया गया। | |